1. RHF (Re-heating Furnance)- all items including Sheets, Refractory, Pusher Motors, Burners, Chimney, recuperator, APCD etc. as defined in Plant & Machinery.
2. Roughing Stand including motors, repeaters (if any), mechanization (if any), bearings, cooling systems etc. which are defined as Plant & Machinery.
3. Intermediate stands (as above)
4. Finishing stands (as above)
5. Quenching system (for TMT)
6. Shears, Pinch Roll
7. Cooling Bed Systems
8. Crane
9. Workshop Machines (Lathe, Shapere, Drils, Grinders, Milling Machine, Templates, measuring equipments like screw gauge, vernier etc.)
10. Auxiliary equipments (included as Plant Machinery)
11. Electrical equipments (Current transformers, circuit breakers, panel boards, motors, reactors, Relay panels, switch gears, starters, digital meters, etc.)

12. Other material handling equipments (within the Rolling Mills furnace area for hot metal transfer) – (Conveyor which lead to mechanization/automation, chain pulley blocks etc.)

13. Water System equipments and towers- (Water settle tanks for removal of metallic contamination, oil, grease, etc., DM water plant, if any. Water pumping units, water cooling power/system etc.

14. Coal Pulverizer system including Pipeline for delivery

Definition of Plant & Machinery for Eco-Tourism.

(a) In the case of Houseboats, the entire houseboat project along with its fitting and furnishing should be treated as plant and machinery.

(b) In the case of hotel, resorts and guest houses (Laddakh only) , the investment in plant and machinery is negligible in comparison to the cost of land and building. Therefore, building should also be included as a part of plant and machinery. Besides this, the items given at (c) below may be taken into account for calculating the value of plant and machinery

(c) An illustrative list of plant and machinery/equipment is given below:

1. Filtration plant for swimming pool.
2. Water purification plant.
3. Hot water boiler and room heating equipment (fixed)
4. Water softening plant
5. Fume extraction and ventilation plant.
6. Air conditioning plant.
7. Cold Storage equipment.
8. Laundry equipment.
9. Cooler and refrigeration equipment.
10. Bakery equipment
11. Sewage disposal plant
12. Electrical installations
13. Tents for camping
14. Kitchen equipment, cooking range, dish washer, working table.
15. Fire- fighting equipment (fixed)
16. Telephone equipment/exchange.
17. Lifts
18. Safe deposit lockers
19. Tube wells along with pumping sets and lines within the campus
20. Goods carrier exclusively needed for the hotel.
21. Projectors and other equipment's for conference hall (fixed).
22. Lighting equipment.
23. Adventure and water sports equipment's.

d) For adventure & leisure sports, amusement/entertainment parks, cable car, ropeways and spa, the entire cost of items and components (excluding land) essential for commissioning the project. Definition of admissible items under adventure & leisure sports etc. exclude additionalities such as conference room, auditorium etc.

ANNEXURE –IV

Composition of State Level Committee

1.	Secretary, Department of Industry & Commerce, J&K	Chairman
2.	Director, Industries and Commerce, Kashmir	Member Secretary*
3.	Director, Industries and Commerce, Jammu	Member Secretary*
4	Director, Accounts and Treasuries	Member
5.	MD, Jammu & Kashmir Development Finance Corporation	Member
6.	Financial Advisor/CAO, I&C Department	Member
7.	Nominee of DIPP	Member
8.	President, Federation Chamber of Industries, Kashmir	Member
9.	Chairman, Federation of Industries, Jammu,	Member

***As applicable**

ANNEXURE –V

Composition of Empowered Committee

1.	Secretary, DIPP	Chairman
2.	Secretary, D/o Expenditure	Member
3.	Representative of Planning Commission	Member
4.	Secretary of Ministry administratively concerned with the industrial activity of the claimant unit	Member
5.	Addl. Secretary & Financial Advisor, DIPP	Member
6.	Chief Secretary/Commissioner (Industry) Jammu & Kashmir	Member.
7.	MD, Jammu & Kashmir Development Finance Corporation	Member
8.	Joint Secretary DIPP	Member Secretary
9.	State representative of concerned Financial Institution	Member
10.	Chief Controller of Accounts, DIPP	Member

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 अक्तूबर, 2013

फा.सं. 1(10)2012-एसपीएस. भारत सरकार जम्मू और कश्मीर पैकेज-II के रूप में जम्मू और कश्मीर राज्य में औद्योगिक विकास को तीव्र करने के मद्देनजर राज्य की औद्योगिक इकाइयों के लिए कार्यशील पूंजी ऋण पर ब्याज राजसहायता की निम्नलिखित योजना को अधिसूचित करती है।

1. **संक्षिप्त नाम:- इस योजना को केन्द्रीय ब्याज राजसहायता योजना, 2012 कहा जाए।**

2. **योजना का प्रारम्भ और अवधि:- यह योजना 15 जून, 2012 से लागू होगी तथा 14.6.2017 तक प्रभाव में रहेगी।**

3. **योजना लागू होना :- यह योजना अनुबंध-I के अनुसार अधिसूचित क्षेत्रों की सभी नई औद्योगिक इकाइयों तथा अनुबंध- II के अनुसार अधिसूचित क्षेत्रों से बाहर के विनिर्दिष्ट मुख्य उद्योगों पर भी लागू है। 'नई औद्योगिक इकाई' का अर्थ है कि वह औद्योगिक इकाई जिसने अपना वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन 15 जून, 2012 को अथवा इसके बाद शुरू किया है।**

4. **तथापि जम्मू और कश्मीर में वस्त्र क्षेत्र की किसी औद्योगिक इकाई के पास वस्त्र मंत्रालय की "प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना" (टीयूएफएस) के तहत अथवा औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग द्वारा प्रशासित विशेष पैकेज के तहत राजसहायता के लिए आवेदन करने का विकल्प होगा।**

5. **<u>स्वीकार्य राजसहायता की सीमा:-</u>**

   जम्मू और कश्मीर राज्य में स्थित सभी पात्र औद्योगिक इकाइयों को अनुसूचित बैंकों अथवा केन्द्रीय/राज्य वित्तीय संस्थाओं द्वारा उन्हें दिए गए औसत दैनिक कार्यशील पूंजी ऋण पर उत्पादन शुरू होने की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए 3% तक ब्याज राजसहायता दी जाएगी बशर्ते कि दावा करने वाली इकाई को एनपीए (अनर्जक परिसंपत्ति) के रूप में घोषित नहीं किया गया हो।

6. **पात्रता अवधि:- यह राजसहायता योजना अवधि के दौरान ऐसे पात्र औद्योगिक इकाईयों के लिए वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू होने की तिथि से पांच वर्ष की अवधि उपलब्ध होगी जिन्होने पूर्व-पंजीकरण करवा लिया हो तथा दिनांक 14.06.2017 से पहले वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू कर दिया हो। इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू होने की तिथि से एक वर्ष के भीतर संबंधित जिला उद्योग केन्द्र में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना दावा दायर करना चाहिए।**

7. **कोई भी इकाई केन्द्र सरकार की अथवा राज्य सरकार की योजना में से केवल एक की योजना के तहत राजसहायता प्राप्त कर सकती है। राजसहायता की मांग करने वाली इकाई को यह प्रमाणित करना चाहिए कि उसने समान प्रयोजन अथवा क्रियाकलाप के लिए भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी अन्य मंत्रालय अथवा विभाग से राजसहायता प्राप्त नहीं की है अथवा राजसहायता के लिए आवेदन नहीं किया है।**

8. **राजसहायता के लिए दावों का अनुमोदन निम्नवत् होगा :-**

   सचिव, उद्योग की अध्यक्षता वाली एक राज्य स्तरीय समिति राजसहायता संबंधी दावों को अनुमोदित करेगी। राज्य स्तरीय समिति का गठन संबंधी विवरण अनुबंध-III पर दिया गया है।

9. **निषेध सूची**

   वे औद्योगिक इकाइयां जो निम्नलिखित उत्पादों का विनिर्माण करती हैं इस योजना के अंतर्गत राजसहायता हेतु पात्र नहीं होंगी।

i. **तंबाकू के सिगरेट/सिगार, तंबाकू एवं तंबाकू से विनिर्मित वस्तुएं, अल्कोहल युक्त पेय पदार्थों का आसवन/किण्वन और ब्रांड युक्त शीतल पेयों एवं उससे सान्द्रित उत्पादों का विनिर्माण।**

ii. **हथियार अथवा गोला बारूद।**

iii. **केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1985 (1986 का 5) की प्रथम अनुसूची के अध्याय 21 के तहत शामिल पान मसाला।**

iv. पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की दिनांक 02.09.1999 की अधिसूचना का. आ. 705 अ तथा दिनांक 17.06.2003 का का.आ. 698 अ द्वारा विनिर्दिष्ट 20 माइक्रोन से कम की प्लास्टिक की थैलियां।

10. <u>राजसहायता के संवितरण के लिए विनिर्दिष्ट एजेंसी:</u>

जम्मू व कश्मीर विकास वित्त निगम (जेकेडीएफसी) राज्य सरकार की सिफारिश के आधार पर ब्याज राजसहायता के संवितरण के लिए विनिर्दिष्ट एजेंसी होगी। जेकेडीएफसी केवल ईसीएस और आरटीजीएस प्रणाली के जरिए राजसहायता संवितरित करेगा।

11. <u>ब्याज राजसहायता का दावा करने हेतु प्रक्रिया:</u>

इस योजना के तहत राजसहायता के लिए पात्र औद्योगिक इकाइयां वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू करने की तारीख से पहले संबंधित जिला उद्योग केन्द्र में अपना पंजीकरण कराएंगी। इस योजना के तहत राजसहायता का दावा करते समय इकाई के लिए ऋणदाता एजेंसी से अनुबंध-IV के अनुसार प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है। औद्योगिक इकाइयों द्वारा वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू करने की तिथि से एक वर्ष के भीतर राजसहायता दावा प्रस्तुत किया जाएगा।

12. <u>ब्याज राजसहायता के संवितरण हेतु प्रक्रिया:</u>

राज्य स्तरीय समिति प्रत्येक मामले की जांच करेगी, ताकि यह निर्णय लिया जा सके कि राजसहायता प्रदान करने की अर्हता पूरी होती है अथवा नहीं तथा राजसहायता की मात्रा के बारे में भी निर्णय करेगी।

राज्य स्तरीय समिति की सिफारिश पर जेकेडीएफसी द्वारा इकाई को राजसहायता संवितरित की जाएगी।

13. <u>केन्द्र/राज्य सरकार/जेकेडीएफसी के अधिकार:</u>

यदि केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/जेकेडीएफसी इस बात से संतुष्ट होती है कि औद्योगिक इकाई ने अनिवार्य तथ्यों की गलत प्रस्तुति द्वारा, झूठी सूचना देकर राजसहायता या अनुदान प्राप्त किया है अथवा इकाई ने इस योजना के तहत राजसहायता प्राप्त करने के बाद पांच वर्ष के भीतर उत्पादन/प्रचालन बंद कर दिया है तो केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/जेकेडीएफसी संबंधित इकाई को सुनवाई का अवसर देकर उस इकाई को अनुदान या राजसहायता लौटाने को कह सकता है।

14. औद्योगिक इकाई के स्वामी को इस योजना के तहत आंशिक अथवा पूरा अनुदान अथवा राजसहायता प्राप्त करने के पांच वर्ष के भीतर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग/राज्य सरकार/जेकेडीएफसी की पूर्वानुमति के बिना औद्योगिक इकाई के स्थान में पूरी तरह अथवा उसके किसी भाग में बदलाव करने अथवा अपनी कुल अचल पूंजी निवेश के पर्याप्त भाग का पर्याप्त संकुचन या निपटान करने की अनुमति नहीं होगी।

15. इस योजना के तहत राजसहायता प्राप्त करने वाली प्रत्येक इकाई की वास्तविक स्थापना तथा कार्य-स्थिति का 100 प्रतिशत वास्तविक सत्यापन राज्य सरकार द्वारा जिला उद्योग केन्द्रों के जरिए किया जाएगा। जिला उद्योग केन्द्र इकाइयों की कार्यप्रणाली के बारे में उद्योग निदेशालय और जेकेडीएफसी को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। तत्पश्चात जेकेडीएफसी इस योजना के तहत राजसहायता प्राप्त करने वाली इकाइयों की कार्य प्रणाली के बारे में औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। अनुदान या राजसहायता प्राप्त करने के बाद प्रत्येक औद्योगिक इकाई वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू करने के बाद पांच वर्ष की अवधि के दौरान किए गए अपने कार्यों के बारे में राज्य सरकार को वार्षिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करेगी जिसकी एक प्रति जम्मू और कश्मीर विकास वित्त निगम (जेकेडीएफसी) को भेजेगी।

शुभ्रा सिंह, संयुक्त सचिव

अनुबंध-I

मौजूदा औद्योगिक संपदा की सूची

कश्मीर प्रभाग

क्र. सं.	जिले का नाम	औद्योगिक संपदा का नाम
01.	श्रीनगर	बीएएमके (बागी अली मर्दन खान) जकुड़ा जैनकोट खोनमोह शलटैंग
02.	गांदरबल	दुदेरहामा गंडेरबल
03.	बड़गाम	बर्जुल्ला रंगरेथ
04.	अनंतनाग	अनंतनाग अंचिडोर बिजबेहर
05.	कुलगाम	कुलगाम
06.	पुलवामा	पुलवामा चटपोड़ा आईडीसा लस्सीपोड़ा
07.	शोपियां	गगरन
08.	बारामूला	बारामूला सोपोर फूड पार्क दोआबगाह
09.	बांदीपुरा	सुबंल
10.	कुपवाड़ा	ब्रानवाड़ा चोटीपोड़ा
11.	लेह	लेह फ्यांग खल्टसी
12.	कारगिल	चंचिक खुरबाठांग

कश्मीर प्रभाग में नई औद्योगिक संपदा (विकासाधीन)

01.	अनंतनाग	वेस्सु अनंतनाग शेस्टेरगम महमूदा बाग दुरु
02.	पुलवामा	टाकिया रजाक शाह त्राल खानमोह के निकट ख्रीव
03.	कुलगाम	अशमुजी कुलगाम मालवन कुलगाम कुलगाम फेज-II
04.	बड़गाम	रंगरेथ फेज-II ओम्पोड़ा

05	**कुपवाड़ा**	**चोटीपोड़ा** (हंडवाड़ा) **राडबघ**
06.	**शोपियां**	**अगलर**
07.	**बारामूला**	**बंगील तंगमार्ग**
08.	**लेह**	**फ्यांग** **खाल्टसी**
09.	**कारगिल**	**ख्रबाथंग** (चंग्राथंग)

औद्योगिक संपदा की सूची

जम्मू प्रभाग

क्र. सं.	**जिले का नाम**	**पहचान की गई संपदा के नाम**
01.	**जम्मू**	**डिगिआना** **जम्मू कैंट** **गंगयाल** **बीरपुर** **बारीब्रहम्ना एवं ईपीआईपी करठोली** **अखनूर**
02.	**साम्बा**	**साम्बा** **आईजीसी साम्बा फेज**-III
03.	**ऊधमपुर**	**ऊधमपुर** एच डी बट्टल बिलियन
04.	**रियासी**	**रियासी** (ग्रान)
05.	**कठुआ**	**कठुआ** **हीरानगर** **बिल्लावर** **आईआईडी गोविंदसर** **सेरामिक्स इंडस्ट्रियल कंप्लेक्स**
06.	**राजौरी**	**खेओड़ा**
07.	**पुंछ**	**पुंछ**
08.	**किश्तवाड़**	**संग्रामबट**
09.	**डोडा**	**दांडी(भडेरवाह)**

जम्मू प्रभाग में नई औद्योगिक संपदा (विकासाधीन)

क्र.सं.	**जिले का नाम**	**औद्योगिक संपदा का नाम**
01.	**कठुआ**	**घट्टी** **गोविंदसर फेज** I-II **डंबरा बिल्लावर** **हीरानगर** (चाक बुलानंदा)
02.	**राजौरी**	**ठंडी पानी** (रेशम क्लस्टर) **लंबेरी**
03.	**ऊधमपुर**	**मजल्टा**

04.	**डोडा**	**बेओली**
05	**रियासी**	**निंब**
06.	**पुंछ**	**सुरंकोट**
07.	**साम्बा**	**आईजीसी साम्बा फेज-III**

अनुबंध-II

जम्मू एवं कश्मीर औद्योगिक नीति के तहत शामिल किए गए मुख्य उद्योग

क्र.सं.	**क्रियाकलाप/उद्योग**
1	**खाद्य प्रसंस्करण/कृषि आधारित उद्योग** **क. चटनियां, कैचप आदि** **ख. फलों का रस तथा फलों का गूदा** **ग. जैम, जैली, सब्जियों का रस, प्यूरे, अचार आदि** **घ. ताजे फलों का प्रसंस्करण, फल वर्धन, पैकिंग, श्रेणीकरण** **ङ.आटे की चक्की तथा चावल-मिल** **च. मसाले पीसना** **ज. दूध तथा अन्य डेयरी उत्पादों का पाश्चरीकरण/प्रसंस्करण**
2	**चमड़ा प्रसंस्करण तथा चमड़े की वस्तुएं**
3	**ऊतक संवर्धन और मशरूम संवर्धन, खाद बनाना, डेयरी फार्मिंग**
4	**सिल्क रीलिंग, यार्न और रेशम के अपशिष्ट से यार्न स्पन, रेशम या रेशम के अपशिष्ट से बुना हुआ कपड़ा।**
5	**ऊन तथा ऊन का बुना हुआ कपड़ा, ऊनी कंबल बनाना।**
6	**सूत का बुना हुआ कपड़ा**
7	**पुष्पकृषि, सुगन्धित और औषधीय पौधे का प्रसंस्करण, ग्रीन हाउस।**
8	**कम्प्यूटर हार्डवेयर/इलैक्ट्रॉनिक्स (इंटीग्रेटिड सर्किट एवं माइक्रो असेम्बलीज)**
9	**खेल-कूद का सामान एवं वस्तुएं तथा सामान्य शारीरिक व्यायाम के उपकरण**
10	**ऑटो एन्सलेरी।**
11	**खनिजों की खोज तथा खनिज आधारित उद्योग। जिप्सम, चिप बोर्ड सहित प्लास्टर ऑफ पेरिस, ग्रेनाइट एवं मार्बल कटिंग और फिनिशिंग, रत्नों की कटिंग और पॉलिशिंग तथा आभूषण बनाना।**
12	**पारिस्थितिकी पर्यटन:- होटल, हाउसबोट, रिजॉर्ट, साहसिक तथा आरामदेह खेल, मनोरंजन पार्क, केबल कार, गेस्ट हाउस।**
13	**हस्तशिल्प और हथकरघा**
14	**सूक्ष्म इंजीनियरिंग**
15	**पैकिंग उद्योग :- चिपकने वाले टेप, स्ट्रेपिंग रोल, पेट बोतल कार्ड बोर्ड कॉरूगेटिड बॉक्स, प्लास्टिक कंटेनर कैप, एचडीपीई बोतल, ड्रम, बैरल, कैन, बोतलों के लिए आरओपीपी कैप, बुने हुए बोरे (वूवन सैक), एचडीपीई फैब्रिक जैसी मदें।**
16	**मिनरल वॉटर को बोतलबंद करना।**
17	**नोट बुक, पेन, पेंसिल, रबड़, शार्पनर, ज्योमेट्री बॉक्स आदि जैसा स्टेशनरी का सामान।**
18	**लकड़ी आधारित उद्योग:- प्लाइवुड/प्लाइ बोर्ड/कोर वनीर/पेंसिल ब्लॉक/स्लेट्स/जॉइनरी/फर्नीचर/पैनलिंग का विनिर्माण**

अनुबंध-III

राज्य स्तरीय समिति का गठन

1.	**सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, जम्मू एवं कश्मीर**	**अध्यक्ष**
2.	**निदेशक, उद्योग एवं वाणिज्य, कश्मीर**	**सदस्य सचिव***
3.	**निदेशक, उद्योग एवं वाणिज्य, जम्मू**	**सदस्य सचिव***
4.	**निदेशक, लेखा एवं कोष**	**सदस्य**
5.	**प्रबंध निदेशक, जम्मू एवं काश्मीर विकास वित्त निगम**	**सदस्य**
6.	**वित्तीय सलाहकार/सीएओ, आईएण्डसी विभाग**	**सदस्य**
7.	**औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग के नामिती**	**सदस्य**
8.	**प्रेसिडेन्ट, फेडरेशन चैम्बर आफ इंडस्ट्रीज**	**सदस्य**
9.	**अध्यक्ष, उद्योग परिसंघ, जम्मू**	**सदस्य**

***जैसा लागू हो**

अनुबंध-IV

प्रारूप

अनुसूचित बैंकों/केंद्रीय अथवा राज्य वित्तीय संस्थाओं का प्रमाण-पत्र सह-सिफारिश।

(जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए केंद्रीय ब्याज राजसहायता योजना, 2007 के अंतर्गत ब्याज राजसहायता का दावा करने के लिए प्रमाण पत्र बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के पत्र शीर्षों (लेटर हेड) पर दिए जाएं)

जिस किसी से संबंधित हो

प्रमाणित किया जाता है कि मैसर्स ---------- (औद्योगिक इकाई का नाम एवं पता) (इसके बाद इसे औद्योगिक इकाई कहा गया है) को हमारे बैंक अर्थात ---------- (बैंक का नाम एवं पता) ने दिनांक (---------) के अपने बैंक मंजूरी पत्र सं.---------- के तहत दिनांक ---------- से ----------की अवधि के लिए संबंधित इकाई की कार्यशील पूंजी आवश्यकता के लिए ऋण सीमा के तौर पर संदर्भित) की तौर पर ---------- रू. (राशि आंकड़ों में) [--------- रू. (राशि शब्दों में)] की धनराशि मंजूर की गई थी।

औद्योगिक इकाई द्वारा ऋण सीमा में से दिनांक -------- से --------- की अवधि के दौरान किसी विशेष दिन को आहरण की गई अधिकतम वास्तविक राशि ---------- रू. (राशि आंकड़ों में) [-------- रू. (राशि शब्दों में)] तथा उपर्युक्त अवधि के लिए औसतन दैनिक आहरण -------- रू. (-------रू.) है। कार्यशील पूंजी उपयोगिता पर बैंक द्वारा लिया जाने वाला कुल ब्याज ---------- रू. (राशि आकड़ों में) [---------- रू.] (राशि शब्दों में) है जो कि ---------- % वार्षिक की दर से लिया जाता है।

हमारे रिकार्डों और औद्योगिक इकाई द्वारा भेजी गई सामग्री की जांच किए जाने पर यह प्रमाणित किया जाता है कि अप्रयुक्त ओवरड्राफ्ट, सावधि जमा, स्थायी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए अग्रिम, मालिकों/साझेदारों तथा एच.यू.एफ. के निदेशकों/सदस्यों द्वारा ऋण तथा अग्रिम, ब्याज सहित दीर्घावधि ऋण तथा निवेशों को कार्यशील पूंजी उपयोगिता में शामिल नहीं किया गया है तथा ऋण सीमा में से किए गए समस्त आहरण को उन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए उपयोग किया गया है जिनके लिए इनकी मंजूरी दी गई थी और इस औद्योगिक इकाई ने "निधियों का अन्यत्र उपयोग" और/अथवा "निधियों का अवैध अंतरण" कुछ नहीं किया है।

अत: यह सिफारिश की गई है कि यह औद्योगिक इकाई दिनांक ---------- से----------तक की अवधि के लिए केंद्रीय ब्याज राजसहायता योजना के अंतर्गत 3% वार्षिक की दर से ---------- रू. (राशि अंकों के) [---------- रू. (राशि शब्दों में)] की ब्याज राजसहायता प्रदान किए जाने के लिए पात्र है।

दिनांक: बैंक प्रबंधक के हस्ताक्षर

नाम ( )

सरकारी मोहर

NOTIFICATION

New Delhi, the 3rd October, 2013.

F.No.1(10)2012-SPS. The Government of India is pleased to notify the following scheme of Interest Subsidy on Working Capital Loan for Industrial units in the state of Jammu & Kashmir as J&K Package-II with a view to accelerating the industrial development in the state.

1. Short Title:- This scheme may be called the Central Interest Subsidy Scheme, 2012.

2. Commencement and duration of the Scheme:-It will come into effect from the 15th June, 2012 and remain in force upto and inclusive of 14.06.2017.

3. Applicability of the Scheme:-The scheme is applicable to all new industrial units in notified areas as per **Annexure-I** and also to specified Thrust Industries outside the notified areas as per **Annexure-II.'New Industrial Unit'** means an industrial unit which commence commercial production/operation on or after 15th June 2012.

4. However an industrial unit in Textile sector in Jammu & Kashmir would have choice to apply for subsidy either under "Technology Upgradation Fund Scheme" (TUFS) of Ministry of Textile or under the Special Package administered by DIPP.

5. Extent of admissible subsidy:

All eligible industrial units in the state of Jammu & Kashmir shall be given an interest subsidy to the extent of 3% on the average of actual daily Working Capital loan given to them by the Scheduled Banks or Central/State financial institutions, for a maximum period of five years, from the date of commencement of commercial production/operation provided that the claimant unit has not been declared as NPA (Non-Performing Asset).

6. Eligibility period: The subsidy will be available for the duration of the scheme to such industrial units, which have pre-registered and commence commercial production / operation before 14-06-2017, for a period of five years from date of commencement of commercial production / operation. The unit should file its claim as per prescribed procedure at District Industry Centre concerned within one year from the date of commencement of commercial production / operation.

7. A unit can avail subsidy only under a single scheme, either from the Central Government or from the State Government. A unit seeking subsidy should certify that it has not obtained or applied for subsidy for the same purpose or activity from any other Ministry or Department of the Government of India or State Government.

8. The approval of the claims for subsidy will be as follows:

A State Level Committee headed by Secretary, Industry will approve claims for subsidy. The composition of the State Level Committee is at **Annexure-III**.

9. Negative list

The industrial units which manufacture the under mentioned products will not be eligible for subsidyunder this Scheme.

(i) Cigarettes/cigars of tobacco, manufactured tobacco and substitutes, distillation/brewing of alcoholic drinks and manufacture of branded soft drinks and its concentrates.

(ii) Weapon or ammunition.

(iii) Pan Masala as covered under Chapter 21 of the First Schedule to the Central Excise Tariff Act, 1985 (5 of 1986).

(iv) Plastic Carry bags of less than 20 microns as specified by Ministry of Environment & Forests Notification No. S.O. 705(E) dated 02-09-1999 and S.O.698(E) dated 17-06-2003.

10. Designated Agency for disbursement of Subsidy:

Jammu Kashmir Development Finance Corporation (JKDFC) shall be the designated agency for disbursement of interest subsidy on the basis of the recommendation of the state Government. JKDFC will disburse subsidy through ECS and RTGS system only.

11.Procedure for claiming Interest Subsidy:

Industrial units eligible for subsidy under the scheme will get themselves registered with the District Industry Centre concerned prior to the date of commencement of commercial production / operation. The unit is required to submit a certificate from the lending agency as per the **Annexure-IV** at the time of claiming of the subsidy under the scheme. The claim of subsidy shall be submitted by industrial units within one year of the date of commencement of commercial production / operation.

12. Procedure for disbursement of Interest Subsidy:

The State Level Committee would examine each case to decide whether it qualifies for the grant of subsidy and also about the quantum of subsidy.

The subsidy will be disbursed to the unit by JKDFC on the recommendation of the State Level Committee.

13. Rights of the Central/State Government/JKDFC:

If the Central Government/State Government/JKDFC is satisfied that the subsidy or grant to an industrial unit has been obtained by misrepresentation of the essential facts, furnishing of false information or if the unit goes out of commercial production/operation within 5 years after having availed the subsidy under the scheme, the Central Government/State Government/JKDFC may ask the unit to refund the grant or subsidy after giving opportunity to the concerned to be heard.

14. No owner of an industrial unit will be allowed to change the location of the whole or any part of the industrial unit or effect any substantial contraction or disposal of a substantial part of its total fixed capital investment

within a period of 5 years of receiving a part or the whole of the grant or subsidy under the scheme without taking prior approval of the Ministry of Commerce & Industry, Department of Industrial Policy & Promotion/State Government/JKDFC.

15.100%physical verification of the actual establishment and working status of each of the units availing subsidy under the scheme will be done by State Government through District Industries Centres. Districts Industries Centres shall submit annual report to the Directorate of Industries and JKDFC about the functionality of the units. JKDFC shall thereafter submit annual report to the Department of Industrial Policy and Promotion about the functionality of the units availing subsidy under the scheme. After receiving the grant or subsidy, each industrial unit shall also submit Annual Progress Report to the State Government with a copy to Jammu & Kashmir Development Finance Corporation (JKDFC) about its working for a period of 5 years after going into commercial production / operation.

SHUBHRA SINGH, Jt. Secy.

ANNEXURE-I
List of Existing Industrial Estates.
Kashmir Division

Sl. No..	Name of District	Name of Industrial Estate
01.	Srinagar	BAMK (Bagi Ali Mardan Khan Zakura Zainkote Khonmoh Shaltaing
02.	Ganderbal	DuderhamaGanderbal
03.	Budgam	Barzulla Rangreth
04.	Anantnag	Anantnag Anchidora Bijbehara
05.	Kulgam	Kulgam
06.	Pulwama	Pulwama Chatpora IDC Lassipora
07.	Shopian	Gagran
08.	Baramulla	Baramulla Sopore Food Park Doabgah
09.	Bandipora	Sumbal
10.	Kupwara	Branwara Chotipora
11.	Leh	Leh Phyang Khaltsi
12.	Kargil	Chanchik Khurbathang

New Industrial Estates (Under Development) in Kashmir Division.

01.	Anantnag	VessuAnantnag ShestergamMehmoodaBaghDuru
02.	Pulwama	TakiaRazak Shah Tral Khrew near Khanmoh
03.	Kulgam	AshmujiKulgam MalwanKulgam Kulgam Phase II
04.	Budgam	Rangreth Phase-II Ompora
05	Kupwara	Chotipora (Handwara) Radbugh
06.	Shopian	Aglar

07.	Baramulla	BangilTangmarg
08.	Leh	Phyang Khaltsi
09.	Kargil	Khrbathang (Changrathang)

List of Industrial Estates
Jammu Division

Sl.No.	Name of District	Name of Identified Estate
01.	Jammu	Digiana Jammu Cantt. Gangyal Birpur Baribrahmna& EPIP Kartholi Akhnoor
02.	Samba	Samba IGC Samba Phase-III
03.	Udhampur	Udhampur H D BattalBallian
04.	Reasi	Reasi (Gran)
05.	Kathua	Kathua Hiranagar Billawar IID Govindsar Ceramix Ind. Complex
06.	Rajouri	Kheora
07.	Poonch	Poonch
08.	Kishtwar	Sangrambata
09.	Doda	Dandi (Bhaderwah)

New Industrial Estates (Under Development) in Jammu Division

Sl.No.	Name of District	Name of Industrial Estate
01.	Kathua	Ghatti Govindsar Phase I-II DambraBillawar Hiranagar (ChakBulananda)
02.	Rajouri	ThandiPani (Silk Cluster) Lamberi
03.	Udhampur	Majalta
04.	Doda	Beoli
05	Reasi	Nimba
06.	Poonch	Surankote
07.	Samba	IGC Samba Phase-III

ANNEXURE –II
Thrust Industries included under J&K Industrial Policy

Sl.No.	Activity /Industry
1.	**Food processing /Agro based Industries :-** a. Sauces, Ketchup etc. b. Fruit juices and Fruit pulp c. Jams, Jellies, Vegetable Juices, Puree, pickles etc. d. *Processing of fresh fruits,* Fruit waxing, packing, grading. e. *Flour mills and Rice Mills.* *f. Spice grinding.* *g. Pasteurization/Processing of milk and other dairy products.*
2.	**Leather** processing and Leather goods.
3.	**Tissue culture** and ***Mushroom*** *culture, Compost making , Dairy farming.*
4.	**Silk** reeling, yarn and yarn spun from silk waste, Woven fabrics of silk or silk waste.
5.	**Wool** and woven fabrics of wool, *Manufacturing of woolen blanket.*
6.	**Woven fabrics of cotton.**
7.	**Floriculture**, Processing of Aromatic and medicinal plant, **Green house.**
8.	**Computer hardware /** Electronics (integrated circuit and micro assemblies).
9.	**Sports goods** and articles and equipment for general physical exercise.
10.	**Auto ancillaries**.
11.	**Exploration of minerals** and *minerals based industry. Gypsum, Plaster of Paris with chip boards, Granite and Marble cutting and finishing, cutting and polishing of gems and making of jewellary.*
12.	**Eco tourism** :- Hotels, Houseboats, Resorts, Adventure and leisure sports, Amusement parks, Cable car, Guest houses.
13.	**Handicrafts and *Handlooms.***
14.	**Precision engineering.**
15.	***Packing industry*** *:-items like adhesive tapes, strapping rolls, pet bottles, Card board corrugated boxes, plastic container caps, HDPE bottles, drums, barrels, cans, ROPP caps for bottles, Woven sacks, HDPE fabric.*
16.	***Bottling of mineral water.***
17.	***Stationery items*** *like note book, Pen, Pencils, Erasers, Sharpeners, Geometry boxes etc.*
18.	***Wood based industry*** *:- Manufacturing of plywood / Ply board / Core veneer / Pencil Blocks / Slates/ Joinery / Furniture / Paneling.*

ANNEXURE –III

Composition of State Level Committee

1.	Secretary, Department of Industry & Commerce, J&K	Chairman
2.	Director, Industries and Commerce, Kashmir	Member Secretary*
3.	Director, Industries and Commerce, Jammu	Member Secretary*
4	Director, Accounts and Treasuries	Member
5.	MD, Jammu & Kashmir Development Finance Corporation	Member
6.	Financial Advisor/CAO, I&C Department	Member
7.	Nominee of DIPP	Member
8.	President, Federation Chamber of Industries, Kashmir	Member
9.	Chairman, Federation of Industries, Jammu,	Member

***As applicable**

Annexure-IV

Proforma

Certificate cum Recommendation of Scheduled Banks/Central or State Financial Institutions.

(Certificate to be given on letterhead of banks / Financial Institutions for claiming interest subsidy under Central Interest Subsidy Scheme 2002 for the state of J&K.)

TO WHOM IT MAY CONCERN

This is to certify that M/s._____ (Name and address of the Industrial Unit) had been sanctioned an amount of Rs._____ (amount in figures) [Rupees _____ _____] (amount in words) as credit limit (hereinafter referred to as Credit Limit) towards its working capital requirement by our bank i.e. _____(Name and address of the bank) for the period from _____ to _____ vide this bank sanction letter No. _____ dated _____.

The maximum actual drawl by the Industrial unit on any particular day during the period from ---------- to ----------, against the credit limit is Rs. ----------(amount in figure) (Rupees ----------) (amount in words) and the average daily drawl for the above mentioned period is Rs. ----------(Rupees----------)(amount in words). The total interest charged by the bank on working capital utilization is Rs. ---------- Rupees ----------) (amount in words) which is @-----% per annum.

Having examined out record and the materials furnished by the industrial Unit, this is to certify that unused overdraft, fixed deposit, advance for acquisition of fixed assets, loan and advances by proprietors/partners, directors/Members of HUF, long terms loans including interest thereon and investments, have not formed part of the working capital utilization and that all drawls against the Credit Limits have been utilized for the purpose for which they were sanctioned and there has been no 'diversion of funds and/or " siphoning of funds" by the Industrial Units.

It is therefore recommended that the industrial unit is eligible for grant of 3% per annum interest subsidy of Rs._____ (amount in figures) [Rupees _____ _____ (amount in words) under the Central Interest Subsidy Scheme 2002 for the period from---------- to ----------.

Date:

Signature of the Bank Manager
Name ( )
Official Seal

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 अक्तूबर, 2013

फा.सं. 1(10)2012-एसपीएस. भारत सरकार जम्मू और कश्मीर पैकेज-II के रूप में जम्मू और कश्मीर राज्य में औद्योगिक विकास को तीव्र करने के मद्देनजर राज्य की औद्योगिक इकाइयों के लिए निम्नलिखित व्यापक बीमा राजसहायता योजना बनाती है।

1. संक्षिप्त नाम:- इस योजना को केंद्रीय व्यापक बीमा राजसहायता योजना, 2012 कहा जाए।

2. प्रारम्भ और अवधि:- यह योजना 15 जून, 2012 से लागू होगी तथा 14.6.2017 तक लागू रहेगी।

3. (i) लागू होना:- यह योजना सभी नई औद्योगिक इकाइयों तथा इसके बाद व्यापक विस्तार करने वाली विद्यमान औद्योगिक इकाइयों के लिए लागू है।

(क) 'नई औद्योगिक इकाई' का अर्थ एक ऐसी औद्योगिक इकाई से है जिसने 15 जून, 2012 को अथवा उसके बाद वाणिज्य उत्पादन/प्रचालन आरम्भ कर दिया है।

(ख) 'विद्यमान औद्योगिक इकाई' का अर्थ एक ऐसी औद्योगिक इकाई से है जिसने 15 जून, 2012 से पहले वाणिज्य उत्पादन/प्रचालन आरम्भ कर दिया है।

(ii) पात्रता:- यह राजसहायता, योजना अवधि के दौरान ऐसी औद्योगिक इकाइयों के लिए वाणिज्य उत्पादन/प्रचालन शुरू होने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगीं जो पूर्व पंजीकृत हैं और जिन्होंने 14.6.2017 से पहले वाणिज्य उत्पादन/प्रचालन शुरू कर दिया है। इकाई को वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू होने की तिथि से एक वर्ष के भीतर संबंधित जिला उद्योग केंद्र में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपना दावा दायर करना चाहिए। राजसहायता की पूर्ववर्ती योजना के तहत दिनांक 15.6.2012 से पहले पंजीकृत तथा वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू करने की तिथि से एक वर्ष के भीतर दावे दायर करने वाले औद्योगिक इकाइयां पूर्ववर्ती योजना के तहत राजसहायता के लिए पात्र होंगी। दिनांक 15.6.2012 के बाद पंजीकृत होने वाली इकाइयां वर्तमान योजना के तहत आएंगी। तथापि यदि ऐसी इकाई मध्यवर्ती अवधि के दौरान पैकेज न होने के कारण डीआईसी (जिला उद्योग केन्द्र) में पंजीकृत नहीं होती है या वाणिज्यिक उत्पादन/प्रचालन शुरू होने की तिथि से एक वर्ष के भीतर दावा प्रस्तुत नहीं करती है तो वह इकाई 31 दिसम्बर, 2013 के बाद ऐसा नहीं कर सकती है।

(iii) स्वीकार्य राजसहायता की सीमा:- विस्तारित 100% सीमा तक बीमा राजसहायता सभी नई औद्योगिक इकाइयों तथा अनुबंध-I के अनुसार अधिसूचित क्षेत्रों में व्यापक विस्तार करने वाली विद्यमान इकाइयों तथा अनुबंध-II के अनुसार अधिसूचित क्षेत्रों के बाहर विनिर्दिष्ट मुख्य उद्योगों के लिए भी पैकेज के दौरान वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए अनुमन्य होगी।

4. औद्योगिक इकाई की परिभाषा:- कोई उद्योग जो कि अखिल भारतीय अग्नि प्रशुल्क के अनुसार अग्नि पालिसी 'ग' में शामिल हो।

5. बीमाकृत राशि का निर्धारण:- यह पालिसी बीमा कंपनी द्वारा बाजार मूल्यांकन के अनुसार जारी की जाएगी।

6. 'व्यापक विस्तार' का अर्थ है कि किसी औद्योगिक इकाई की क्षमता विस्तार/आधुनिकीकरण तथा विविधीकरण के प्रयोजनार्थ संयंत्र तथा मशीनरी में अचल पूंजी निवेश के मूल्य में 25% से अधिक की वृद्धि।

7. प्रचालन का तरीका:- इस स्कीम के अंतर्गत परिकल्पित बीमा पालिसी अनुबंध-क में दर्शाए के अनुसार होगी।

शुभ्रा सिंह, संयुक्त सचिव

अनुबंध-क

जम्मू-कश्मीर में किसी औद्योगिक इकाई के लिए व्यापक बीमा पालिसी

''यहां पर अनुसूची में नामित बीमाकृत, जिसने.....बीमा कंपनी लिमिटेड (इसके बाद इसे कंपनी कहा गया है) को उक्त अनुसूची में उल्लिखित प्रीमियम का भुगतान कर दिया है, पर विचार करते हुए कंपनी सहमत होती है (इसमें निहित शर्तों तथा अपवर्जनों अथवा पृष्ठांकित अथवा अन्यथा व्यक्त के अध्यधीन) कि प्रीमियम के भुगतान के बाद उक्त अनुसूची में वर्णित यदि बीमाकृत संपत्ति अथवा इसी संपत्ति का कोई भाग निम्नलिखित के द्वारा नष्ट अथवा क्षतिग्रस्त होता है:-

i. **आग**

ii. **बिजली गिरना**

iii. **विस्फोट/अंत:स्फोट परंतु निम्नलिखित की हानि अथवा क्षति को छोड़कर**

(क) **बायलरों (घरेलू बायलरों को छोड़कर) इकोनोमाइजरों अथवा अन्य बर्तनों, मशीनरी अथवा उपकरणों जिनमें भाप बनती है अथवा उनके अंश जिनके परिणामस्वरूप उनका विस्फोट/ अंत: विस्फोट होता है,**

(ख) अपकेंद्रीय बल के कारण।

iv. **दंगा, हड़ताल, द्वेषपूर्ण कार्य तथा आतंकवादी नुकसान दंगा हड़ताल के अनुसार, द्वेषपूर्ण कार्य तथा आतंकवादी नुकसान मुद्रित खंड में।**

v. **रेल/सड़क वाहन अथवा पशु द्वारा टक्कर**

vi. **विमान अथवा आकाशीय तथा/अथवा अंतरिक्ष मशीन तथा/अथवा उनसे गिरने वाली कोई चीज, ऐसी मशीनों द्वारा दबाव लहरों की वजह से विनाश अथवा नुकसान को छोड़कर,**

vii. **तूफान, चक्रवात, बवंडर, समुद्री तूफान, हेरीकेन, टोरनाडो, बाढ़ तथा जल सैलाब।**

viii. **जमीन धंसने तथा भूस्खलन (चट्टानों के फिसलने समेत) जिसके फलस्वरूप संपूर्ण भवन अथवा उसका कोई भाग गिर जाता है।**

ix. **भूकंप आगजनी बिजली का आघात लगना।**

उक्त अनुसूची में नामित बीमा अवधि के दौरान अथवा कोई अन्य उत्तरवर्ती अवधि जिसके संबंध में बीमाकृत भुगतान करेगा तथा कंपनी ने बीमा पालिसी के नवीकरण हेतु अपेक्षित प्रीमियम स्वीकार कर लिया हो, कंपनी इसके नष्ट हो जाने पर बीमाकृत को, संपत्ति की कीमत अथवा ऐसी संपत्ति अथवा उसके किसी भाग को फिर से स्थापित करने अथवा बहाल करने के अपने विकल्प पर भुगतान करेगी।

बशर्ते कि कंपनी की देयता बीमा की जानी वाली उक्त अनुसूची में राशियों द्वारा व्यक्त मद अथवा कुल मिलाकर वहां पर बीमाकृत कुल राशि अथवा ऐसी अन्य राशि अथवा कंपनी द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन से प्रतिस्थापित अथवा कंपनी की तरफ से यहां संलग्न राशियों के मामले में अधिक नहीं होगी।"

दंगा, हड़ताल, द्वेषपूर्ण तथा आतंकवादी क्षति खंड

इस पालिसी में दंगा, हड़ताल, द्वेषपूर्ण तथा आतंकवादी क्षति निम्नलिखित रूप से शामिल है:-

I. **बाहरी हिंसा द्वारा नुकसान अथवा दृश्यमान भौतिक नुकसान का अर्थ है बीमाकृत संपत्ति प्रत्यक्ष रूप से निम्नलिखित प्रकार से प्रभावित हुई हो:**

1) **किसी सार्वजनिक शांति भंग करने में अन्यों के साथ किसी व्यक्ति का भाग लेने का कार्य (किसी हड़ताल अथवा तालाबंदी अथवा तालाबंदी नहीं होने के मामले में) जो अपवर्जन 7 (क), (ख) में उल्लिखित घटना नहीं हो।**

2) **किसी ऐसी अशांति को दबाने अथवा किसी ऐसी अशांति के परिणाम को न्यूनतम करने के लिए इसे दबाने का प्रयास करने में किसी कानूनी रूप से वैध गठित प्राधिकारी का कार्य।**

3) **हड़ताल को जारी रखने अथवा तालाबंदी के विरोध के फलस्वरूप किसी हड़ताली अथवा तालाबंदी करने वाले के मनमर्जी के कार्य से बाहरी हिंसात्मक कार्यों से दृश्यमान भौतिक क्षति।**

4) **ऐसे किसी कार्य को रोकने अथवा रोकने का प्रयास करने अथवा ऐसे किसी कार्य के प्रभाव को कम करने के लिए कानूनी रूप से गठित प्राधिकारी की कार्रवाई।**

5) किसी व्यक्ति का द्वेषपूर्ण कार्य परंतु किसी प्रकार की छूट हो जाने को छोड़कर (लोक शांति को भंग करते समय ऐसा कार्य किया हो अथवा नहीं) बशर्ते कि कंपनी उठाई गिरी, घर में सेंध लगाने, चोरी अथवा चौर्यकर्म अथवा इसमें भाग लेने वाले किसी व्यक्ति किसी प्रयास से होने वाले किसी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगी।

II. विस्फोट अथवा अन्यथा प्रत्यक्ष कारण से बीमित संपत्ति की हानि अथवा क्षति।

1. किसी संगठन से जुड़े होने अथवा संगठन की तरफ से किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के द्वारा किया गया आतंकवादी कार्य।

2. किसी आंतकवादी करतूत को दबाने अथवा दबाने का प्रयास करने अथवा आंतकवाद की वजह से होने वाले परिणाम का शमन करने में किसी कानूनी रूप से गठित प्राधिकारी की कार्रवाई।

इस प्रयोजन के लिए ''आतंकवाद'' खंड का मतलब होगा राजनीति स्वार्थ के लिए हिंसा करना तथा इसमें जनता को डराने अथवा जनता के किसी वर्ग को डराने के प्रयोजन से हिंसा का इस्तेमाल करना शामिल है।

<u>अपवर्जन</u>

इस बीमा में निम्नलिखित शामिल नहीं है

1. दंगा, हड़ताल तथा द्वेषपूर्ण कार्य क्षति खंड में उल्लिखित को छोड़कर किसी बीमाकृत संकट की घटना के दौरान अथवा इसके बाद हुई चोरी से हानि।
2. किसी गर्म करने अथवा सुखाने वाली प्रक्रिया के दौरान संपत्ति को हुई हानि अथवा उसका नुकसान।
3. निम्नलिखित के कारण अथवा इसके माध्यम से अथवा इसके परिणामस्वरूप हुई हानि अथवा क्षति
   क.किसी लोक प्राधिकारी के आदेश पर संपत्ति जलाने पर
   ख.भूमिगत अग्नि
4. परमाणु हथियार सामग्री की वजह से अथवा इसके पैदा होने से अथवा इसके परिणामस्वरूप अथवा इसके कारण हुई प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष क्षति।
5. आण्विक ईंधन अथवा आण्विक ईंधन के जलने से किसी आण्विक कूड़ा-करकट की वजह से आयनित विकिरण अथवा रेडियोधर्मिता की वजह से संदूषण अथवा इसके पैदा होने अथवा इसके परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हानि अथवा क्षति। केवल इस अपवर्जन के प्रयोजनार्थ, दहन में परमाणु विखंडन की स्वत: प्रक्रिया शामिल होगी।
6. अत्यधिक प्रचालन, अत्यधिक दबाव, तारों में आग लगने, चिंगारी निकलने, अपने-आप गरम होने अथवा रिसाव अथवा विद्युत, किसी भी कारण से (बिजली गिरने सहित) किसी विद्युत मशीन, औजार, फिक्स्चर अथवा फिटिंग (बिजली के पंखे, बिजली का घरेलू समान अथवा घरेलू अन्य उपकरण, बेतार सेट, टेलिविजन सेट तथा रेडियो) अथवा विद्युत अधिष्ठापन अथवा इसके किसी भाग को हुई क्षति अथवा हानि बशर्ते कि यह छूट केवल विशेष विद्युत मशीन, उपकरण, फिक्स्चर, फिटिंग अथवा इस प्रकार से प्रभावित विद्युत अधिष्ठापन अथवा इसके किसी भाग के लिए ही लागू होगी और किसी अन्य मशीन, औजार फिक्चर, फिटिंग अथव विद्युत अधिष्ठापन किसी भाग, जिसे आग द्वारा नष्ट कर दिया गया हो, पर लागू नहीं होगी।
7. निम्नलिखित घटना के कारण अथवा उसके माध्यम से अथवा प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष परिणाम की वजह से हुई हानि या क्षति;
   (क) युद्ध, आक्रमण, विदेशी शत्रु की शत्रुतापूर्ण कार्रवाई अथवा युद्ध जैसी कार्रवाई (चाहे युद्ध घोषित हो अथवा नहीं), गृह युद्ध,
   (ख) विद्रोह, लोकप्रिय आंदोलन अथवा इसका भाग बनने वाला नागरिक बलवा, सैन्य विद्रोह, बगावत, विप्लव, सैन्य अथवा सत्ता का अनधिकृत कब्जा।

किसी कार्रवाई, मुकदमा अथवा अन्य कार्यवाही में जिसमें कंपनी का आरोप हो कि उपर्युक्त अपवर्जन के प्रावधानों के कारण हुई किसी क्षति अथवा हानि इस बीमा में शामिल नहीं है, ऐसी किसी क्षति अथवा हानि को सिद्ध करने का भार बीमाकृत पर होगा।

8. जब तक कि पालिसी में अन्यथा स्पष्टत: उल्लेख नहीं किया हो, सोनाचांदी अथवा बिना जड़े रत्न-, कीमती पत्थरों, कोई कलाकृति अथवा कलाकारी, जो -/1000 रुपए से अधिक की हो, पाण्डुलिपि, योजनाएं, रेखाचित्र के नमूने, मॉडल अथवा सांचा, प्रतिभूतियां, दायित्व अथवा किसी तरह का दस्तावेज, डाक टिकट, सिक्का अथवा रुपया, चेक, लेखाबही अथवा अन्य व्यापार लेखाबही, कंप्यूटर सिस्टम रिकार्ड, विस्फोटक आदि की क्षति अथवा हानि।

9. 60 दिन से अनधिक समयावधि के लिए मरम्मत, साफ-सफाई नवीकरण अथवा ऐसे ही किसी प्रयोजन के लिए अस्थायी रूप से हटाए गए उपस्करों और मशीनरी को छोड़कर यदि बीमाकृत संपत्ति इसमें उल्लिखित बीमाकृत के अलावा किसी अन्य भवन अथवा जगह पर ले जाई जाती है।

<u>इस बीमा में निम्नलिखित शामिल नहीं है</u>

(क) कमाई की हानि, विलंब की वजह से हानि, बाजार अथवा अन्य परिणामी अथवा अप्रत्यक्ष हानि अथवा किसी भी प्रकार से किसी भी चीज की हानि या क्षति ।

(ख) काम के आंशिक अथवा पूरी तरह से रुक जाने अथवा किसी प्रक्रिया अथवा किसी प्रचालन के धीमा हो जाने अथवा बाधित हो जाने अथवा बंद हो जाने अथवा किसी प्रकार की चूक से हानि अथवा नुकसान।

ग) विधिसम्मत गठित प्राधिकरण द्वारा कुर्की मांग अथवा अधिग्रहण के परिणामस्वरूप स्थायी अथवा अस्थायी बेदखली से हुई हानि अथवा क्षति।

घ) ऐसे भवन अथवा संयंत्र अथवा इकाई अथवा मशीनरी अथवा उसकी पहुंच के निवारण के लिए किसी व्यक्ति द्वारा वैध तरीके से कब्जे में लेने के परिणामस्वरूप किसी भवन अथवा संयंत्र अथवा इकाई अथवा मशीनरी के स्थायी अथवा अस्थायी बेदखली से हुई हानि अथवा क्षति।

बशर्ते कंपनी ने फिर भी बेदखली से पहले अथवा अस्थायी बेदखली के दौरान संपत्ति की वास्तविक क्षति के संबंध में बीमाकृत व्यक्ति के ऊपर उपर्युक्त (ग) अथवा (घ) के तहत कोई देयता नहीं लगाई है।

<u>शर्तें</u>

1. गलत अभ्यावेदन, गलत विवरण अथवा किसी सामग्री विशेष के खुलासा नहीं करने की स्थिति में यह पालिसी अमान्य हो जाएगी।

2. इस पालिसी के तहत सभी बीमा किसी भवन अथवा उसके किसी हिस्से अथवा संपूर्ण भवन अथवा भवन की किसी परिसर के हिस्से अथवा इस प्रकार के भवन की आकृति बनाने वाले किसी ढांचे के हटाए जाने की तारीख से सात दिनों के बाद समाप्त हो जाएंगे।

   बशर्ते कि इस तरह गिराना अथवा हटाया जाना उस बीमाकृत व्यक्ति की जोखिम हानि अथवा क्षति से न हुए हों, जो पालिसी में शामिल है अथवा यदि ऐसा भवन, भवन परिसर अथवा ढांचा इस पालिसी के तहत बीमाकृत होता तो उसमें शामिल होता। उपर्युक्त के बावजूद कंपनी इस तरह गिराने अथवा हटाए जाने के 7 दिनों के भीतर जितना जल्दी हो सके इस संबंध में लिखित में पुष्टि करते हुए और संशोधित दरों, निबंधन शर्तों, जो कि इसके द्वारा निर्धारित की जाएं, के अध्यधीन स्पष्ट नोटिस दिए जाने पर बीमा जारी रखने के लिए सहमत हो सकती है।

